3 संवेदक कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व, कार्य के दौरान एवं कार्य समाप्ति कार्य स्थल के फोटोग्राफ प्रस्तुत करने होंगे एवं कार्य स्थल पर सूचना बोर्ड स्वयं के खर्चे पर लगाना होगा।

4 संवेदक कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व संबंधित सहायक/कनिष्ठ अभियन्ता को सूचित करेगा एवं उनके सामने गुणवत्ता रिपोर्ट प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे।

5 संवेदक द्वारा किये जाने वाले कार्यों के दौरान यदि किसी भी राजकीय भूमि का उपयोग अपने संसाधन रखने या अन्य कार्यों में उपयोग में लेता है तो नियमानुसार बिल में से कटौती की जावेगी।

6 न्यूनतम मजदूरी एक्ट एवं श्रम कानूनो की पालना किया जाना अनिवार्य होगा।

7 संवेदक द्वारा कार्यों में नियोजित श्रमिको का कर्मचारी भविष्य निधि योजना के अन्तर्गत पंजीयन करना तथा पी.एफ. एवं ई.एस.आई. करा कर संबधित विभाग (ई.पी.एफ.ओ.) से अदेयता प्रमाण पत्र कार्य के अन्तिम बिल के साथ प्रस्तुत करना होगा।

8 कार्य सम्पादन प्रतिभूति/सुरक्षा निधि की वापसी अनुबन्ध की शर्तों के अनुसार होगी।

9 संवेदक द्वारा निष्पादित किये जाने वाले अनुबन्ध में यह तथ्य भी स्पष्ट रूप से उल्लेख करेगा कि पी.एफ. और ई.एस.आई. विभाग के किसी प्रकार के दायित्व सृजित होते है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी संवेदक की होगी।

10 वित्त विभाग की अधिसूचना दिनांक 22.10.2021 अनुसार आर.टी.पी.पी. नियम 2013 Additional Performance Security के लिये नियम 75 ए जोडा गया है। Work Performance Guarantee के रूप में कार्य आदेश जारी करने से पूर्व ली जावेगी तथा इसे कार्य के संतोषजनक रूप से पूर्ण होने के पश्चात् निर्धारण दोष निवारण अवधि के उपरान्त कार्य की स्थिति संतोषजनक पाये जाने पर ही संवेदक को रिफन्ड की जावेगी।

11 तकनिकी बिड खोलने की तिथि पर किसी भी कारण वश अवकाश होने पर आगामी कार्य दिवस पर प्राप्त व खोली जावेगी।

12 सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया आरटीपीपी एक्ट 2012 एवं नियम 2013 के अधीन होगी।

13 संवेदक को तकनिकी बिड में पी.एफ. एवं ई.एस.आई के रजिस्ट्रेशन की प्रति संलग्न करनी होगी, अन्यथा उसकी बिड पर कोई विचार नही किया जावेगा।

14 वर्ष 2023 में ई.पी.एफ. विभाग में नवीन पंजीकृत फर्मों को यह शपथ पत्र देना होगा कि वर्ष 2023-24 की ई.पी.एफ. विभाग से इन्सपेक्शन/ऑडिट रिपोर्ट अंतिम बिल के साथ प्रस्तुत कर दी जावेगी। वर्ष 2021-22 एवं उससे पूर्व पंजीकृत फर्मो को ई.पी.एफ. विभाग में आवेदन कर उसकी प्रति तथा शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा कि ऑडिट/इन्सपेक्शन अंतिम बिल के साथ प्रस्तुत कर दी जावेगी।

15 नगरीय विकास एवं आवासन विभाग राजस्थान सरकार द्वारा जारी आदेश क्रमांक प.01(24)नविवि/A/2020 लूज जयपुर दिनांक 20.09.2021 अनुसार विकास कार्यो की निविदाओं में संवेदको द्वारा बी.एस.आर. दर से कम डालने पर अन्तर राशि (AT PAR की दर से जितनी कम है) वर्क परफोरमेंस गारन्टी के रूप में कार्यादेश जारी होने से पूर्व जमा करानी होगी।

16 अनुबन्ध करने में असमर्थ रहने अथवा कार्य करने में असमर्थ रहने पर नियमो के अन्तर्गत आपकी रिस्क एण्ड कोस्ट पर नगर निगम को कार्य करने का/जमा योग्य अर्नेस्ट मनी की शास्ती लगाने की कार्यवाही करने का नगर निगम को अधिकार सुरक्षित रहेगा।

17 कार्य संख्या 01 व 02 हेतु निविदा में भाग लेने वाले संवेदक के पास किसी भी सरकारी/अर्द्धसरकारी विभाग में न्यूनतम 72 फिट ऊंचाई तक या उससे अधिक ऊंचाई का रावण का पुतला बनाने का अनुभव विगत 06 वर्षो में से किसी भी एक वर्ष का होना चाहियें। संवेदक द्वारा संस्था का प्रमाण पत्र/कार्यादेश की प्रति प्रस्तुत करने पर ही वित्तीय बिड खोली जावेगी।

18 कार्य संख्या 03, 04 एवं 23 हेतु सरकारी/अर्द्ध सरकारी संस्था का सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनुभव/कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र की प्रति जो कि निविदा राशि का 50 प्रतिशत होगा तथा बारूद से सम्बन्धित जिला स्तरीय/राज्य स्तरीय अधिकारी द्वारा जारी लाईसेन्स की प्रति तकनिकी बिड के साथ संलग्न करनी होगी।

19 कार्य संख्या 12 हेतु सरकारी/अर्द्ध सरकारी संस्था का सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनुभव/कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र की प्रति जो कि निविदा राशि का 50 प्रतिशत होगा की प्रति तकनिकी बिड के साथ संलग्न करनी होगी।

20 कार्य संख्या 13 हेतु फर्नीचर कार्य से सम्बन्धित सरकारी/अर्द्ध सरकारी संस्था का सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनुभव/कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र की प्रति जो कि निविदा राशि का 50 प्रतिशत होगा की प्रति तकनिकी बिड के साथ संलग्न करनी होगी।

21 कार्य संख्या 20 हेतु **House Keeping** कार्य से सम्बन्धित सरकारी/अर्द्ध सरकारी संस्था का सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनुभव/कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र की प्रति जो कि निविदा राशि का 50 प्रतिशत होगा की प्रति तकनिकी बिड के साथ संलग्न करनी होगी।

अतिरिक्त आयुक्त एवं मेला अधिकारी
नगर निगम कोटा दक्षिण

क्रमांक : ननिको/दक्षिण/निर्माण/2024/148-163 दिनांक : 14/08/2024

प्रतिलिपि :- सूचनार्थ

1. महापौर महोदय, नगर निगम कोटा दक्षिण/उत्तर।
2. उपमहापौर महोदय, नगर निगम कोटा दक्षिण/उत्तर।
3. नेता प्रतिपक्ष एवं अध्यक्ष, महोदय, मेला एवं अन्य उत्सव आयोजन समिति, नगर निगम कोटा दक्षिण।
4. आयुक्त, महोदय, नगर निगम कोटा दक्षिण/उत्तर।
5. अतिरिक्त आयुक्त, महोदय, नगर निगम कोटा उत्तर।
6. अधीक्षण अभियन्ता एवं अतिरिक्त मेला अधिकारी, महोदय, नगर निगम कोटा दक्षिण।
7. उपायुक्त एवं मेला प्रभारी, महोदय, नगर निगम कोटा उत्तर।
8. मुख्य लेखाधिकारी, नगर निगम कोटा दक्षिण।
9. अधिशाषी अभियन्ता I, II, नगर निगम कोटा दक्षिण।
10. समस्त अनुभागाधिकारी, नगर निगम कोटा दक्षिण।
11. सम्बन्धित सहायक/कनिष्ठ अभियन्ता (निर्माण/उद्यान/विद्युत/नल अनुभाग) नगर निगम कोटा दक्षिण को भेजकर लेख है कि उक्त दिनांक से पूर्व तखमीना तैयार करवाकर वेबसाईट पर अपलोड करावें।
12. अध्यक्ष, पुस्तकालय, नगर निगम कोटा दक्षिण को भेजकर लेख है कि नगर निगम स्तर पर ही .................... राज्य स्तरीय/जिला स्तरीय/क्षेत्रीय समाचार-पत्र में संक्षिप्त स्थान पर प्रकाशन हेतु।
13. कम्प्यूटर प्रोग्रामर (आई. टी. सेल एन.आई.सी. कमरा नं. 325), स्मार्टराज प्रोजेक्ट आई.टी., ओसवाल डाटा प्रोसेसिंग, नगर निगम कोटा दक्षिण को भेजकर लेख है कि उक्त दिनांक से पूर्व टेण्डर नगर निगम कोटा दक्षिण की वेबसाईट पर अपलोड करावें।
14. निजी सहायक (महापौर, उप महापौर, नेता प्रतिपक्ष, आयुक्त, अतिरिक्त आयुक्त, उपायुक्त, अधीक्षण अभियन्ता, मुख्य लेखाधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता) नगर निगम कोटा दक्षिण।
15. नोटिस सूचना बोर्ड, समस्त अनुभाग, नगर निगम कोटा दक्षिण।
16. सुरक्षित पत्रावली, नगर निगम कोटा दक्षिण।

अतिरिक्त आयुक्त एवं मेला अधिकारी
नगर निगम कोटा दक्षिण